
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में रविवार
सायं 6:49 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में सोमवार
सुबह 5:53 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 58 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | रविवार, 18 अगस्त 2024

खेल खेल में से पहले इन...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### महिला ने नदी में लगाई छलांग, एसडीआरएफ की टीम ने बरामद किया शव

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी के मोरी में खरसाड़ी के पास देर रात एक महिला ने नदी में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाकर रात को ही महिला का शव बरामद कर लिया। घटना रात करीब 12 बजे की है। पुलिस को सूचना मिली की खरसाड़ी के पास एक महिला नेनदी में गिर गई है। एसडीआरएफ की टीम उप निरीक्षक सुरेश प्रसाद के नेतृत्व में आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंची। एसडीआरएफ की टीम ने घटनास्थल पहुंचकर घनघोर अंधेरे में ही सर्च अभियान चलाया। टीम ने महिला का शव बरामद किया। महिला की पहचान कृष्णा जैन(42) पत्नी कश्मीर सिंह जैन निवासी खरसाड़ी उत्तरकाशी के रूप में हुई है। टीम ने बताया कि महिला ने नदी में छलांग किन कारणों से लगाई यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

### देहरादून पहुंचे लक्ष्य सेन, मुख्यमंत्री धामी ने दी बधाई

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन पेरिस ओलंपिक पुरुष सिंगल्स बैडमिंटन में कांस्य पदक मैच तक पहुंचे थे। सीएम धामी ने उन्हें बधाई दी। पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन के बाद रविवार को शटलर लक्ष्य सेन देहरादून पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री आवास पर सीएम धामी से मुलाकात की। सीएम धामी ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। बता दें कि उत्तराखंड के बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन पेरिस ओलंपिक पुरुष सिंगल्स बैडमिंटन में कांस्य पदक मैच तक पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने लक्ष्य सेन को आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। कहा कि आगामी खेलों में पूरे समर्पण से अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करें। राज्य सरकार और प्रदेश की जनता आपके साथ है। उन्होंने कहा कि जब किसी कार्य के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति होती है, तो उस कार्य में सफलता अवश्य मिलती है।

# विधानसभा सत्र में पेश होगा अनुपूरक बजट, प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

कैबिनेट की बैठक में 21 अगस्त से गैरसैंण में होने वाले विधानसभा सत्र में अनुपूरक बजट को प्रस्तुत करने को स्वीकृति दे दी गई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में शनिवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में सबसे पहले शहीद कैप्टन दीपक सिंह की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



वहीं, बैठक में 21 अगस्त से गैरसैंण में होने वाले विधानसभा सत्र में अनुपूरक बजट को प्रस्तुत करने को स्वीकृति दे दी गई। कैबिनेट में राज्य में नीति नियोजन से सम्बंधित संस्थान स्टेट इंस्टीट्यूट फॉर एम्पावरिंग एंड ट्रांसफार्मिंग (सेतु)% के नाम को परिवर्तित कर भारत सरकार में गठित आयोग की तर्ज पर स्टेट इंस्टीट्यूट फॉर एम्पावरिंग एंड ट्रांसफार्मिंग उत्तराखंड (सेतु) आयोग करने को स्वीकृति।, उत्तराखंड खाद्य सुरक्षा सेवा संवर्ग(समूह क, ख और ग)सेवा संशोधन नियमावली 2024 को प्रख्यापित करने को स्वीकृति।, उत्तराखंड राज्य प्रोटोकॉल (अराजपत्रित) सेवा नियमावली 2024 के प्रख्यापन को मंजूरी।, ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा विभाग के अंतर्गत उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के वित्तीय वर्ष 2022-23 के वार्षिक वित्तीय प्रत्यावेदन को विधानसभा के पटल पर रखने को मंजूरी।, राज्य की सहकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी मिलों में शासनादेश दिनांक 12 जून 2018 द्वारा मृतक आश्रितों की नियुक्ति पर लगी रोक को राज्य की सहकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी मिलों के 68 स्थायी कार्मिकों के आश्रितों को उनकी पात्रता, योग्यता व रिक्तियों के आधार पर संबंधित चीनी मिल में मृत्तक आश्रित के रूप में नियमानुसार सेवायोजित किया जाए की सीमा तक हटाए जाने आदि महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए हैं।

रक्षाबंधन मनाने घर जा रहे थे मजदूर

# पिकअप को बस ने मारी टक्कर आठ लोगों की मौत, 10 हुए घायल

**नई दिल्ली**

एजेंसी

यूपी के बुलंदशहर में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। रक्षा बंधन का त्योहार मनाने जा रहे मजदूर हादसे का शिकार हो गए। पिकअप वाहन को डग्गामार बस ने टक्कर मार दी। हादसे में आठ की मौत हो गई है, दस से अधिक घायल हैं।

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। रक्षाबंधन मनाने घर जा रहे मजदूरों की पिकअप को बस ने टक्कर मार दी। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई बच्चों समेत दस से ज्यादा मजदूर घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद की एक ब्रेड कंपनी में मजदूरी करने वाले करीब 25 से अधिक मजदूर पिकअप में गाजियाबाद से अलीगढ़ जनपद की तहसील अतरौली के गांव रायपुर में



रक्षाबंधन का त्योहार मनाने के लिए जा रहे थे। जैसे ही सलेमपुर थाने के पास पहुंचे तो यहां एक डग्गामार बस ने पिकअप को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। कुछ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कई घायलों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

दस से ज्यादा घायलों का जिला अस्पताल और जेपी अस्पताल में इलाज चल रहा है। आठ लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। मरने वाले लोगों की संख्या में इजाफा हो सकता है। पुलिस जांच में जुटी है।

# मस्जिद के मौलवी पर बच्चियों से अश्लील हरकतें करने का आरोप

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

कोतवाली क्षेत्र एक गांव में मस्जिद के अंदर अस्थाई तौर चल रहा मदरसा में पढ़ने वाली बच्चियों से मौलवी के द्वारा अश्लील हरकतें करने मामला प्रकाश में आया है। मामला प्रकाश में आने के बाद आरोपी मौलवी फरार हो गया। पुलिस ने एक महिला की तहरीर पर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। उसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को बताया की गांव में एक मस्जिद है। उसमें मौलवी के रूप में डांग थाना जहानाबाद, जिला पीलीभीत, उत्तर प्रदेश निवासी युवक को नियुक्त किया हुआ था।

मस्जिद में हीं एक कमरे के अन्दर अस्थाई मदरसा बना रखा था। मदरसे में वह गांव के बच्चों को दिनी तालीम उर्दू पढाया करता था। महिला के मुताबिक उसकी 8 वर्ष की पुत्री भी अन्य बच्चों के साथ मदरसे में पढती थी। बताया कि कुछ दिनों से उसकी पुत्री मदरसे से घर आने के बाद गुमसुम हो जाती थी। कुछ दिनों तक तबीयत खराब होने की बात सोचकर उसने ध्यान नहीं दिया। लेकिन जब लगातार उसकी पुत्री गुमसुम रहने लगी तो 16 अगस्त को पुत्री के साथ मदरसे में ही पढने वाली अन्य लड़कियों से पूछताछ की। तब पुत्री ने बताया कि मदरसे में मौलवी पढाई के समय तथा छुट्टी के बाद बड़ी लड़कियों और लड़कों के जाने के बाद चार मासूम बच्चियों को अपने कमरे के अन्दर ले जाता था और कमरे के अन्दर अपने मोबाईल में गंदी-गंदी वीडियो दिखाता था। मौलवी पर आरोप है कि गंदी हरकतें करता था। किसी से शिकायत करने पर धमकी देते थे। अगर घर पर बताया तो जादू करके जान से मार देंगे । महिला के अनुसार इसका पता चलते ही वह अन्य महिलाओं के साथ मौलवी के पास जाने लगी तो उसकी भनक लगते ही मौलवी फरार हो गया है। आरोपी के खिलाफ कारवाई की मांग की है। एसएसआई अशोक कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। विवेचना एसआई महिला दीपा अधिकारी को दी गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है, उसे जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# चोरों ने घर में लगाई सेंध, हजारों की नगदी पर किया हाथ साफ

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

नगर में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। चोर आए दिन किसी न किसी वारदात को अंजाम दे रहे हैं। जनता दहशत के साये में जी रही है। लेकिन पुलिस लकीर की फकीर बनी हुई है। बीती रात भी चोरों ने एक घर में सेंध लगाकर वहां से हजारों की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया है। जानकारी के अनुसार गन्ना सेंटर निवासी पंकज पंत बीती रात खाना खाने के बाद परिवार के साथ घर के एक कमरे में सो गया। देर रात चोरों ने दूसरे कमरे में सेंध लगा दी। खिड़की काटकर अंदर घुसे चोरों ने कमरे में रखी 50 हजार की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। यहां तक कि उसके कपड़े भी घर से दूर पड़े मिले। प्रात: जब परिवारजन जागे तो कमरे का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा देख उनके पैरोंतले जमीन खिसक गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। यहां बता दें कि शहर में चोर एक के बाद एक चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस इन घटनाओं का खुलासा करना तो दूर मुकदमा दर्ज करने तक में हिचकिचा रही है। नैनीताल रोड में जजी के सामने स्थित हीर द होलसेल शोरूम में हुई डेढ़ लाख की चोरी के मामले में भी पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं। पुलिस के अधिकारी महज बैठकों और मीडिया के सामने अपराध नियंत्रण के दावे कर रहे हैं। लेकिन धरातल पर अपराध नियंत्रण की दिशा में कोई काम होता नहीं दिख रहा है। यहां तक कि अब रात्रि गश्त भी न के बराबर हो रही है। पुलिस के आला अधिकारी भी धरातल पर उतरने के बजाय कुर्सियों में बैठने को तवज्जो दे रहे हैं।

# एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स ने 4 करोड़ 50 लाख रूपये की स्मैक समेत दो दबोचे

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड को ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल द्वारा ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई के लिये एसटीएफ ( एंटी नारकोटिक्स) कुमाऊं यूनिट को कड़ी निगरानी रखते हुये कार्रवाई को निर्देशित किया गया है। इसी आदेश के तहत सीओ एसटीएफ कुमाऊँ आरबी चमोला एवं प्रभारी निरीक्षक एसटीएफ (एंटी नारकोटिक्स) कुमाऊं यूनिट पावन स्वरुप के नेतृत्व में देर रात उत्तराखंड एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने थाना खटीमा क्षेत्र में स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त करते हुए चकरपुर बनमंडी महादेव मंदिर के पास से दो व्यक्ति गिरफ्तार किए। गिरफ्तार किए गए दोनों ने पूछताछ के दौरान हरविंदर सिंह पुत्र कुलवंत सिंह निवासी शक्तिफार्म,



सितारगंज,जसदीप सिंह पुत्र सुरेंद्र पाल सिंह निवासी जनता फार्म गौरी खेरा, सितारगंज बताया । दोनों के कब्जे से 1 किलो 527 ग्राम स्मैक बरामद की।

पूछताछ पर बताया कि बरामद की गयी स्मैक को वह उत्तर प्रदेश के मीरगंज से बबलू नामक व्यक्ति से लेकर आया था। जिसे नेपाल मै किसी लाला को बेचने जा रहे थे। पूछताछ में दोनों ने अन्य कई ड्रग्स तस्करों के नाम की जानकारी दी है। एसटीएफ के मुताबिक दोनों तस्कर 2 सालों से मीरगंज से स्मैक लाकर नेपाल मै अपने फिक्स एजेंटों को सप्लाई कर रहे थे।

एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। उन्होंने अपने निम्न ऑफिस नंबर जारी करते हुए जनता से अपील की है कि नशे से दूर रहे। किसी भी प्रकार के लालच में आकर नशा तस्करी न करें।

**बरामदगी :**1 किलो 527 ग्राम अवैध स्मैक, एक अवैध 315 बोर तमंचा एवं 6 जिंदा कारतूस के साथ ही आई 20 कार यूके 04 एबी 0040।

एसएसपी एसटीएफ ने एएनटीएफ टीम के इस सराहनीय कार्य के लिए 25 हजार रुपए नकद इनाम देने की घोषणा की।

एसटीएफ कुमाऊं की एएनटीएफ में निरीक्षक पावन स्वरुप,एसआई विपिन चंद्र जोशी,एसआई विनोद चंद्र जोशी, एएसआई जगवीर शरण,मुख्य आरक्षी मनमोहन सिंह,आरक्षी वीरेंद्र चौहान,आरक्षी इसरार अहमद आदि मौजूद रहे। थाना खटीमा पुलिस टीम में एसआई प्रियांशु जोशी,आरक्षी महेश रौंकली,ईशपाल आर्या शामिल रहे।

# कोलकाता में दरिंदगी के विरोध में सड़कों पर उतरे डॉक्टर

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ हुई दरिंदगी के विरोध में जिला मुख्यालय नैनीताल में स्वास्थ्य महकमे से जुड़े सभी डाक्टर और अन्य तकनीकी स्टाफ सड़कों पर उतरकर जमकर विरोध जताया। चिकित्सा कर्मियों ने नारेबाजी कर आरोपितों को फांसी की सजा देने की मांग की। इस बीच अस्पताल में ओपीडीपी बंद रही जिस कारण मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। आंदोलित कर्मियों को मां नयना देवी व्यापार मंडल के अध्यक्ष पुनीत टंडन के नेतृत्व में व्यापार मंडल ने पूरा समर्थन दिया।



शनिवार को जिले भर से पहुंचे चिकित्सा कर्मचारी राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में एकत्रित हुए। जहां से उन्होंने कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ हुई दरिंदगी पर विरोध जताते हुए जुलूस निकाला। जुलूस मल्लीताल से माल रोड होते हुए तल्लीताल स्थित गांधी मूर्ति के समीप एकत्रित होकर कर्मचारियों ने आरोपितों की विरुद्ध जमकर नारेबाजी कर उन्हें सख्त सजा दिए जाने की मांग की। इसके बाद फिर माल रोड होते हुए जुलूस मल्लीताल पंत पार्क पहुंचा, जहां जनसभा करते हुए गुस्साएं चिकित्सकों ने कहा कि महिला चिकित्सक के साथ इस तरह का व्यवहार बेहद ही निंदनीय है।

इस दौरान अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह रावत ने बताया यह एक निमर्म हत्या हुई जिससे पूरे देश के डॉक्टरों में रोष है , पीड़िता के परिजनों को न्याय मिलना चाहिए ,अस्पतालो में सुरक्षा बढ़ाई जाएं,हत्यारों को फांसी की सजा मिलनी ही चाहिए , बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा तो दिया है बेटी पढ़ती है लेकिन बचती नहीं है ऐसी घटनाएं हो तो कैसे बेटी बचेगी , कहा कि कोई भी अराजक तत्व अस्पताल परिसर में आए तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ऐसे लोगों को चौराहे पर लटकाया जाएं। वही बताया कि 24 घंटे स्वस्थ्य सेवाएं बंद रहेगी जिसमें शनिवार सुबह 6 बजे से रविवार सुबह 6 बजे तक कार्य बहिष्कार किया गया है, अस्पताल में इमरजेंसी सेवा सुचारु रहेगी। दूसरी ओर घटना के इतने दिन बाद भी आरोपितों को सजा नहीं मिल पाई है। इस दौरान पीएमएस डॉ. तरुण टम्टा, डॉ. एमएमएस रावत,डॉ. एमएस दुग्ताल, डॉ. मोनिका कांडपाल, डॉ.वीके मिश्रा, डॉ. द्रोपती गर्वयाल , डॉ. सुरेश सिसौदिया, डॉ. नरेंद्र सिंह रावत, डॉ. अनिरुद्ध गंगोला,डॉ. दीपिका लोहनी, डॉ. आरुषि गुप्ता, डॉ. सुधांशु सिंह, डॉ. कोमल, डॉ. यति उप्रेती, डॉ. संजीव खर्कवाल, डॉ. अभिषेक गुप्ता, डॉ. प्रशांत ओली,डॉ. ममता रावत,डॉ.तनुजा पाल, डॉ. सरस्वती खेतवाल, डॉ. नेहल रतन, डॉ. नेहा कांडपाल, डॉ. देवाशीष,डॉ. कौशिक, डॉ. ममता पांगती, दीपक, मेट्रन शशिकला पांडे,जानकी कनवाल, देवकी, उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्क सीनियर यूनियन अध्यक्ष कमला कुंजवाल, नीलम बिष्ट, ममता आर्य, हेमा आर्य, प्रभा बिष्ट, चंद्रा सती,दीप्ति धामी,दिनेश चंद्र पांडे, आईके जोशी, जितेश कुमार, जयंती रावत, हेमा रौतेला,विनीता नेगी, शिखा आर्य, पुष्पा वर्मा, रेनू, गीता, सुषमा बेलवाल, मीना, हेमा, श्यामा समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

दूसरी ओर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुरी में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ हिमांशु कांडपाल के नेतृत्व में कोलकत्ता में जूनियर रेजिडेंट महिला चिकित्सक के साथ हुई घटना के विरोध में कार्य बहिष्कार और प्रदर्शन किया गया जिसमें चिकित्सकों और कार्मिकों को सुरक्षा देने हेतु मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान डॉ. हिमांशु कांडपाल,डॉ संजय जनौटी, डॉ. शिवम, डॉ निधि, मुख्य फार्मेसी अधिकारी रमेश राम, फार्मेसी अधिकारी बसन्त गोस्वामी (जिलाध्यक्ष एनएचएम संघ नैनीताल) नर्सिंग अधिकारी उमा, अंशिका, कनिका, मीनाक्षी, आनंद सिंह,कमला आर्या,मानसी,पुष्कर तथा पुनीत कांडपाल फार्मेसी अधिकारी आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



# रक्षाबंधन को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने की छापेमारी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

रक्षाबंधन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शनिवार को नैनीताल व आसपास के क्षेत्र में दुकानों में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने दुकानों से मिठाई के नमूने भरे।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने शनिवार के नैनीताल के साथ ही भवाली व भीमताल की मिठाई की दुकानों में छापेमारी की। इस दौरान मिठाई की दुकान पर मिठाई की बनने की तिथि तथा साफ सफ ाई व खोया व अन्य सामग्री की जांच की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय सिंह ने बताया कि नैनीताल में तल्लीताल उदय मिष्ठान भंडार से चॉकलेट, मल्लीताल नमन स्वीट्स हाउस से मोतीचूर व पंजाबी ढाबा से बेसन के लड्डू के नमूने लिए गए हैं। इसके अलावा भीमताल के वरायटी व भवाली के भवानी स्वीट्स से भी मिठाई के सैम्पल उठाये गए। नमूने जांच के लिए रुद्रपुर प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

# एसके बैडमिंटन अकादमी टूर्नामेंट

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

रोमांचक फाइनल में गौरव शर्मा और सर्वश्रेष्ठ जोशी बने विजेता एसके बैडमिंटन अकादमी द्वारा आयोजित बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन एक बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ, जिसमें गौरव शर्मा और सर्वश्रेष्ठ जोशी ने खिताबी जीत दर्ज की।

यह टूर्नामेंट खेल प्रेमियों के लिए यादगार बन गया, क्योंकि इसमें खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया और दर्शकों को रोमांचित कर दिया। हालांकि, अंत में गौरव शर्मा और सर्वश्रेष्ठ जोशी की जोड़ी ने संतोष जोशी और हेमंक जोशी को मात देते हुए खिताब अपने नाम किया।इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबले भी बेहद प्रतिस्पर्धात्मक रहे। गौरव शर्मा और सर्वश्रेष्ठ जोशी ने लक्ष्मण बोरा,और मनमोहन सिंह की जोड़ी को 21-16 से हराया, जबकि दूसरी तरफ संतोष जोशी और हेमांक जोशी ने कमलेश और कमलेश की जोड़ी को 21-12 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। पुरस्कार वितरण के दौरान वरिष्ठ बैडमिंटन खिलाड़ी मनमोहन सिंह, सिंथिया स्कूल के प्रधानाध्यापक डॉ. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला, जगदीश जोशी,अनिल जोशी, नरेश किरोला, राजेंद्र जोशी और लक्ष्मण रावतने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।इस आयोजन में महेश जोशी, कमल गुरुरानी, सुनील जोशी, पंकज बिष्ट, प्रमोद जोशी, कमलेश जोशी, निश्चल, लक्खा कोरंगा, भास्कर कांडपाल, विनय, तपन पाण्डे,शिवम् जोशी , नागेंद्र गंगोला,भानु पंत, अरविंद पांडेय, लक्ष्मण बोरा , रचना शर्मा, भावंश जोशी, भावेश केशरवानी, प्रभाकर जोशी, वार्णिका जोशी , मनन, प्रभाकर, गोविन्द, विक्रांत, आलोक, दीपक, एनके जोशी और सूरज सहित अन्य लोग भी शामिल थे।



## NEWS / फटाफट

### लिटिल फ्लावर स्कूल में बच्चों ने राखियां बनाई

**हल्द्वानी।** लालडांठ स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल में बच्चों ने रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। इस मौके पर नर्सरी से कक्षा 2 तक की बहनों ने अपने भाइयों को राखी बांधी और भाइयों ने बहनों को चॉकलेट देखकर अपना स्नेह दर्शाया। वहीं कक्षा तीन से कक्षा 8 तक के बच्चों ने सुंदर-सुंदर राखियां बनाई और अपनी हस्त-कला का प्रदर्शन किया। स्कूल के अध्यापक अध्यापिकाओं के सहयोग से रक्षाबंधन त्योहार मनाया गया। प्रधानाचार्य शांति जीना ने बच्चों व स्कूल स्टाफ को रक्षाबंधन की बधाई दी।



### यूनिवर्सल कॉन्वेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल में अभिप्रेरणा पर कार्यशाला

**हल्द्वानी।** यूनिवर्सल कॉन्वेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य संदर्भ व्यक्ति सुनील सैनी (सदस्य भारतीय ट्रेनर संगठन) का बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सुनील सैनी द्वारा अनेक कहानियों से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के दौरान वीडियो, चित्र काफ़ी प्रेरणा दायक रहे और बच्चों को समय की महत्ता,पद ,वित्तीय स्थिति पर निर्भर नहीं करता है। इस पर वीडियो को काफी सराहा गया। सुनील सैनी द्वारा गलत आदतो, दुरव्यसनों से दूर रहने की सलाह दी । कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबंधक सुनील कुमार जोशी, प्रधानाचार्या मंजू जोशी , उप प्रधानाचार्य पी. डी. पलड़िया, एच.एस. बोरा एवं कोर्डिनेटर कंचन पंत आदि मौजूद थे।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

# भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य पहुंचे कैंची धाम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ओलंपिक खेलों के बाद शनिवार को विश्व प्रसिद्ध नीब करौरी महाराज के दर्शन के लिए कैंची धाम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अपने माता-पिता और उत्तराखंड बैडमिंटन एसोसिएशन सचिव बी.एस.मनकोटी के साथ बाबा नीम करौली का दर्शन कर आर्शीवाद प्राप्त किया।

कैंची धाम के बाद लक्ष्य नैनीताल पहुंचे जहां उन्होंने बातचीत के दौरान बताया कि ओलंपिक खेलों के लिए काफ ी मेहनत की थी लेकिन सफलता नहीं मिली,बोले कि एक बार फि र मेहनत कर ओलंपिक में पदक जीतने के लिए कोशिश करेंगे। आने वाले समय में कई अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप होने वाली हैं जिन्हें जितना उनका लक्ष्य है जो इस ओलंपिक में कमियां रह गई थी उन्हें दूर कर अगले ओलंपिक में भारत के लिए पदक जीतेंगे।



इस दौरान लक्ष्य के पिता डी. के. सेन ने बताया लक्ष्य ने ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन किया है। इस ओलंपिक में उन्हें सीखने को काफी कुछ मिला आने वाले दोनों में होने वाली विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर भारत का नाम रोशन करेंगे। लक्ष्य के साथ नैनीताल पहुंचे उत्तराखंड बैडमिंटन एसोसिएशन सचिव बीएस मनकोटी ने कहा लक्ष्य का ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। लक्ष्य विश्व का सबसे प्रसिद्ध खिलाड़ी बन गया है अगले ओलंपिक में लक्ष्य भारत के लिए आवश्यक रूप से पदक जीतेगा। कैंची धाम पहुंचने के बाद लक्ष्य के प्रशंसकों ने उनके साथ जमकर सेल्फ ी ली। जिसके बाद लक्ष्य मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात के लिए देहरादून चले गए।

# शराब पीकर नाव चलाते नाविक के लाइसेंस निरस्त करने की मांग

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में एक दिन पूर्व ही पुलिस की ओर से अपील के बाद भी नाव चालक शराब पीकर नाव चलाता मिला, वहीं पर्यटकों के साथ अभद्रता पर पुलिस ने नाव चालक के साथ कार्रवाई की गई साथ ही पालिका से नाव चालक का लाइसेंस निरस्त करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह तल्लीताल क्षेत्र में पुलिस को एक नाव चालक की ओर से पर्यटकों के साथ अभद्रता करने की सूचना मिली। सूचना के बाद पुलिस ने बोट स्टैंड पर पहुंचकर पूछताछ की तो नाव चालक की ओर से शराब पीकर नाव चलाने व पर्यटकों के साथ अभद्रता करने की जानकारी मिली। जानकारी के बाद पुलिस ने नाव चालक के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर उसको नाव न चलाने के निर्देश दिए। जिसके बाद दिन में बोट स्टैंड पर टिकिट काउंटर से जब नाव चालक को टिकट नहीं दिया गया तो वह बिना टिकट ही नाव में पर्यटकों को बैठाने लगा। जब अन्य नाव चालकों ने विरोध किया तो वह अभद्रता करने लगा। जिसके बाद नाव चालक पुलिस के पास पहुंच गए जिसके बाद पुलिस की ओर से नाव चालक की जमकर फ टकार लगाई गई। मामले में तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोहरा ने बताया कि नाव चालक मोहन सिंह के खिलाफ चलानी कार्रवाई की गई है साथ ही पालिका ईओ से नाव चालक का लाइसेंस निरस्त करने की मांग की है।

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## न्याय और समझौता

*सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और देशभर के अन्य जज इन विसंगतियों से अनभिज्ञ नहीं हैं। मुख्य न्यायाधीश ने लोक अदालतों के महत्व का वर्णन किया। देश के करोड़ों लोगों को उम्मीद है कि अदालती प्रक्रिया की खामी को दूर करने के लिए कारगर कदम उठायेंगे। जब मुख्य न्यायाधीश यह मान रहे हैं कि अदालती प्रक्रिया में खामी है तो सवाल यह उठता है कि उसमें सुधार कौन करेगा? मुख्य न्यायाधीश और न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े अन्य महानुभाव सरकार को सुधार के उपाय बता सकते हैं। मुख्य न्यायाधीश के अनुभव का लाभ करोड़ों पीड़ितों को राहत पहुंचा सकता है।*

निचली अदालतों से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक लम्बित मुकदमों का अंबार लगा हुआ है। मुकदमों का फैसला होने की प्रतीक्षा में कई बार पीड़ित दम तोड़ देता है। कुछ मुकदमों का फैसला इतनी देर से होता है कि पीड़ित के लिए उस न्याय का कोई महत्व नहीं रह जाता है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने अदालती प्रक्रिया की खामी का कटु सत्य स्वीकार करते हुए कहा कि लोग अदालती कार्यवाही से इतने त्रस्त हो चुके हैं कि वे किसी तरह बस समझौता चाहते हैं। छुटकारा पाने के लिए कम समझौते पर राजी हो जाते हैं। लोक अदालतों में ज्यादातर लोग समझौता करके अदालत में तारीख पर तारीख और खर्च से बचने के लिए आपसी सहमति से मुकदमे का निपटारा कर लेते हैं। लोक अदालतों से लम्बित मुकदमों की संख्या जरूर कम हो जाती है, लेकिन मजबूरी में समझौते से पीड़ित को पूरा न्याय और आरोपी को सजा नहीं मिल पाती है। लोक अदालत मध्यस्थता की भूमिका निभाती हैं। मध्यस्थता प्राचीन भारतीय संस्कृति है। वर्तमान में भी परिवार का मुखिया घर के सदस्यों के बीच विवाद में मध्यस्थता करके सौहार्द और सामंजस्य स्थापित करता है। समाज में पंचों के जरिये विवादों का निपटारा करना पुरानी परम्परा है। लोक अदालत में आपसी विवादों का निपटारा संभव है, परन्तु संगीन अपराधों में पीड़ित से समझौता संभव नहीं है। हत्या, दुष्कर्म, अपहरण, मकान व जमीन पर अवैध कब्जे के मामले में ज्यादातर अपराधी दबंग और आर्थिक रूप से सम्पन्न होते हैं। पीड़ित पक्ष अदालत की प्रक्रिया खर्चीली और लम्बी चलने के कारण न्याय से वंचित रह जाता है। अनेक पीड़ित तो पुलिस को शिकायत तक नहीं कर पाते हैं। पुलिस तक पहुंचने की हिम्मत करने पर मुकदमा अदालत में पहुंचता है तो पीड़ित पक्ष को धमकाकर मुकदमा वापस लेने को मजबूर किया जाता है। यदि मुकदमा वापस नहीं लिया तो उसके परिवार के अन्य सदस्य की हत्या, दुष्कर्म अथवा इसी तरह के अपराध का सामना करना पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और देशभर के अन्य जज इन विसंगतियों से अनभिज्ञ नहीं हैं। मुख्य न्यायाधीश ने लोक अदालतों के महत्व का वर्णन किया। देश के करोड़ों लोगों को उम्मीद है कि अदालती प्रक्रिया की खामी को दूर करने के लिए कारगर कदम उठायेंगे। जब मुख्य न्यायाधीश यह मान रहे हैं कि अदालती प्रक्रिया में खामी है तो सवाल यह उठता है कि उसमें सुधार कौन करेगा? मुख्य न्यायाधीश और न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े अन्य महानुभाव सरकार को सुधार के उपाय बता सकते हैं। मुख्य न्यायाधीश के अनुभव का लाभ करोड़ों पीड़ितों को राहत पहुंचा सकता है।

# क्षेत्र में 10,000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

**कार्यक्रम**
- पंडित राम सुमेर शुक्ला मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट का पौधरोपण अभियान
- पूर्व विधायक राजेश ने रोपे पौधे

पंडित राम सुमेर शुक्ला मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत ग्राम दोपहरिया, पंतपूरा और पटेरी में सैकड़ों ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के साथ मिल फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया।




इस दौरान पूर्व विधायक शुक्ला ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा आज के समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने फाउंडेशन के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा, 10 हज़ार पौधे लगाने का यह अभियान न केवल आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण तैयार करेगा, बल्कि बढ़ते तापमान के संकट के लिए संजीवनी का कार्य भी करेगा।

शुक्ला ने लोगों से आग्रह किया कि वे भी इस अभियान का हिस्सा बनें और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में योगदान दे। ग्रामीणों ने अपनी सहभागिता से यह संदेश दिया कि पर्यावरण की सुरक्षा न केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी है, बल्कि सामुदायिक सहयोग से ही इसे सफलतापूर्वक किया जा सकता है। हर उम्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। पंडित राम सुमेर शुक्ला मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट ने इस क्षेत्र में 10,000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। फाउंडेशन का यह अभियान न केवल पर्यावरणीय सुधार की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि यह क्षेत्र के प्राकृतिक सौंदर्य को भी निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।हमारे इस प्रयास का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं है, बल्कि उनके संरक्षण और पालन-पोषण की जिम्मेदारी भी उठाना है। यह अभियान केवल एक औपचारिक पौधरोपण कार्यक्रम नहीं था, बल्कि लोगों के दिलों में पर्यावरण के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना जागृत करने का एक प्रयास था। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से आह्वान किया कि एक पेड़ अपने मां के नाम अवश्य लगाए। जिस क्रम में पंडित राम सुमेर शुक्ला मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा निशुल्क पौधे पूरे क्षेत्र में उपलब्ध कराए जा रहे हैं विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम के साथ आज यहा भी ट्रस्ट द्वारा पौधारोपण किया गया है।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान नीलम गंगवार, पूर्व प्रधान रामप्रसाद कश्यप, मोतीराम गंगवार, सुशील गंगवार, राम प्रसाद कश्यप, सूरजपाल कश्यप, नीलम गंगवार, विकास गंगवार, राजेंद्र गंगवार, नेत्रपाल कश्यप, प्रमोद गंगवार, ओमपाल कश्यप, दिनेश कश्यप, मुकेश कश्यप, जानकी प्रसाद, जितेंद्र कुमार, मनोज, खेमकरन आदि मौजूद रहे।

## धारी में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

**नैनीताल** । जिले के धारी क्षेत्र में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता प्राथमिक विद्यालय गुनिगांव में आयोजित की गई। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

बालिका वर्ग की एक हजार मीटर लम्बी दौड़ में सोनाक्षी ने प्रथम, करिश्मा ने द्वितीय तथा हिमानी ने तृतीय स्थान हासिल किया। 200 मीटर बालक वर्ग के दौड़ नितेश कुमार प्रथम, सोम द्वितीय व भानु प्रताप तृतीय स्थान पर रहे जबकि 400 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में सुजल प्रथम व लक्षिता रैक्वाल द्वितीय तथा नैतिक कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया । सुलेख प्रतियोगिता हिन्दी व अंग्रेजी में चादनी व चित्रा सती अव्वल रही।अंताक्षरी प्रतियोगिता में राप्रावि धारी प्रथम, राप्रावि पलड़ा द्वितीय तथा राप्रावि कौसानी तृतीय स्थान पर रहे । लोक नृत्य में राप्रावि लदफोड़ प्रथम, राप्रावि रौलजांगल द्वितीय व राप्रावि घौतिया तृतीय स्थान पर रहे । इस दौरान इंद्र सिंह नयाल ब्लॉक समन्वयक, गोविंद चंद्रा अध्यक्ष, दीपक कुमार,चमन कुमार,गणेश बिष्ट,संतोष पाठक,गंगा दत्त भट्ट,आरती नैनवाल,सुभाष थुवाल,गीता जोशी तथा विजय कुमार आदि अध्यापक मौजूद थे।

# नगर पालिका के जनता दरबार में सामाजिक कार्यकर्ता बृजवासी ने रखी जनता की मांगें

**भीमताल**

**हमारे संवाददाता**



नगर पालिका जनता दरबार में बेरोजगार संघ अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता बृजवासी ने शनिवार को एसडीएम प्रमोद कुमार के समक्ष रखी जनता की मांगे। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी उदय वीर सिंह ने एसडीएम के समक्ष बृजवासी को बताया कि वार्डो के सीसी मार्गों के निर्माण व प्रकाश पथ आदि पर शीघ्र टेंडर प्रकिया के बाद निर्माण कार्यवाही होगी। झील के चारों ओर फैले कूड़े प्लास्टिक की सफाई के लिए नगर पालिका से कार्य किया जा रहा है। वहीं जल्द ही बड़े सिंग, चोटिल, बचे हुए मवेशियों को गौशाला भेजा जाएगा।

इस दौरान एसडीएम प्रमोद कुमार ने बृजवासी की माँग पर अधिशासी अधिकारी से झील के कूड़े की सफाई के लिए सफाई बोट खरीदने को कहाँ साथ ही जल्द नगर पालिका के पास एनिमल कैचअप गाड़ी के के लिए निर्देश दिए।

जनता दरबार में उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार को पूरन चंद्र बृजवासी ने नगर पालिका 9 वार्डो की मुख्य कई समस्याओं, सीसी मार्गों, सार्वजनिक मार्गों को नगर पालिका शीघ्र गड्ढा मुक्त, जल भराव मुक्त, नालियों का निर्माण, ट्राईल निर्माण, सीसी निर्माण, दीवार निर्माण, ड्रेनेज सिस्टम सुधार कराने की माँग की गई। जिसमें नगर अधिकारी से एसडीएम ने स्पष्टीकरण मांगा तो ईओ. उदय वीर ने बताया कि आधे से ज्यादा माँगों पर वार्डो के टेंडर निकल चुके हैं कुछ पर निकलने बाकी है शीघ्र सभी वार्डो के सीसी मार्गों की समस्या का निराकरण कर दिया जाएगा।

वार्डो की प्रकाश पथ समस्या के लिए टेंडर हो गया है जल्द सभी वार्डो, नगर अंतर्गत सड़कों को पूरा प्रकाश पथ कर दिया जाएगा, नगर अंर्तगत लोक निर्माण विभाग की सभी छोटी-बड़ी सड़कों को गड्ढा मुक्त, जल भराव मुक्त, दीवारों का निर्माण, नालियों का निर्माण, ड्रेनेज सिस्टम सुधार किया जाएगा।

# फिल्मी दुनिया

## खेल खेल में से पहले इन फिल्मों में दिखी दोस्ती की झलक




*खेल खेल में फिल्म आखिरकार 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म दर्शकों को काफी पसंद आई और उन्होंने इसे खूब प्यार दिया। फिल्म में कलाकारों की बड़ी टोली है। उन सितारों की अदाकारी को भी प्रशंसकों ने काफी प्यार दिया। फिल्म की कहानी सात दोस्तों पर आधारित है, जो एक रात की पार्टी के लिए मिलते हैं, वही से उनकी जिंदगी का अहम पल शुरू होता है। ऐसी ही कई फिल्में हैं, जिनमें दोस्तों की मस्ती का रंग देखने को मिला। चलिए आपको बताते हैं उन फिल्मों के बारे में, जिनमें दोस्ती की झलक देखने को मिली। खेल खेल में फिल्म में अक्षय कुमार, वाणी कपूर, फरदीन खान, प्रज्ञा जायसवाल, तापसी पन्नू, आदित्य सील, एमी विर्क हैं। वे सभी मिलकर एक खेल खेलते हैं, जिसमें उनके फोन एक रात के लिए सार्वजनिक संपत्ति बन जाते हैं और उनके कॉल या मैसेज सब पढ़ सकते हैं। इसके बाद एक एक कर सबके रहस्य बाहर आने लगते हैं, जो खेल को रोमांचक बना देता है और उन दोस्तों की जिंदगी को उलझा देता है। इस फिल्म में सातों दोस्तों की मस्ती भी नजर आई। गोलमाल साल 2006 में रिलीज हुई थी। इस कॉमेडी फिल्म का निर्देशन रोहित शेट्टी ने किया है, जिसे नीरज वोरा ने लिखा है और इसका निर्माण अष्टविनायक सिने विजन लिमिटेड के तहत ढिलिन मेहता और के सेरा सेरा प्राइवेट लिमिटेड के तहत पराग सांघवी ने किया है। फिल्म में अजय देवगन, तुषार कपूर, अरशद वारसी और शरमन जोशी के साथ रिमी सेन, परेश रावल और सुष्मिता मुखर्जी हैं। कहानी की बात करें तो फिल्म में चार दोस्त, गोपाल, लकी, माधव और लक्ष्मण पैसों के लिए भोले-भाले लोगों को ठगते हैं। ठगी के लिए उनका नया लक्ष्य बुजुर्ग जोड़ी है, जो दृष्टिहीन हैं।*

*वहीं इस बीच चारों अपनी सुंदर पड़ोसन यानी रिमी सेन को लुभाने की कोशिश भी करते हैं। इस दौरान उनके मस्ती की झलक भी देखने को मिलती है। धमाल 2007 में बनी हिन्दी भाषा की कॉमेडी फिल्म है, जिसे इंद्र कुमार द्वारा निर्देशित और अशोक ठकेरिया द्वारा निर्मित किया गया है। फिल्म में रितेश देशमुख, संजय दत्त, अरशद वारसी, आशीष चौधरी और जावेद जाफरी मुख्य भूमिकाओं में हैं। वहीं असरानी, संजय मिश्रा, विजय राज, मनोज पाहवा और टिकू तलसानिया सहायक भूमिकाओं में हैं। फिल्म में दोस्तों की खूब मस्ती देखने को मिली।*

# तिरंगा हमारी आन, बान और शान : तोलिया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज कटघरिया आनंदम बैंकट हाल से तिरंगा यात्रा निकाली गई जो कुसुमखेड़ा कमलवागाजा लामाचौड़ फतेहपुर होते हुए यही समाप्त हुई। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया ने कहा कि देश के अमर शहीदों के कारण ही आज हम यह उत्सव मना पा रहे है।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य प्रमोद तोलिया ने कहाँ कि तिरंगे की आन बान और शान के लिये क्रन्तिकारीयों ने देश के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी और इस देश को आजाद करवाया। आज हम सभी को देश के विकास के लिये कार्य करते हुये तिरंगे की शान को पुरे विश्व में बनाना है। राज्य मंत्री सुरेश भट्ट ने कहा कि तिरंगा हमारी आन बान शान है इसका मान सम्मान बनाये रखना हम सभी का कर्तव्य है। युवा नेता अंकित तोलिया ने सभी युवाओं का आभार जताते हुए कहा कि

15 अगस्त को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने की जिम्मेदारी सभी युवाओं के कंधे पर है, क्योंकि युवाओ के हाथों में ही आने वाला भविष्य है।



News कॉर्नर

### ई-नगर सेवा पोर्टल पर पंजीकरण की अपील

**नैनीताल।** पालिका प्रशासन ने शहर के सभी छोटे और बड़े व्यवसायियों से अपील की है कि वे ई-नगर सेवा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाएं। यह कदम शहर में व्यवसाईक गतिविधियों की बेहतर निगरानी और प्रबंधन के उद्देश्य से उठाया गया है। ई-नगर सेवा पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करने से व्यवसायियों को कई लाभ होंगे। पंजीकरण की प्रक्रिया के बाद शहरवासियों को एक क्लिक के माध्यम से दवा, राशन और अन्य सभी प्रकार की दुकानों की जानकारी और उनकी लोकेशन आसानी से उपलब्ध होगी। इससे न केवल खरीदारी में सुविधा होगी बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि अवैध दुकानों की जानकारी पालिका के पास रहे। ईओ पूजा चन्द्रा ने शहर के सभी छोटे बड़े व्यवसायियों से पंजीकरण करवाने की अपील की है।

### बेटी की बरामदगी की लगाई गुहार, तहरीर सौंपी

**हल्द्वानी।** एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री की सोकुशल बरामदगी की गुहार लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी है सौंपी तहरीर में वीरपाल ने कहां है कि उसकी पुत्री नीलू बीती 15 अगस्त को घर से स्कूल जाने की बात कह कर के निकली थी लेकिन वह स्कूल से घर वापस नहीं पहुंची तो घर वालों को चिंता सताने लगी परिजनों ने अपने रिश्तेदारों व पुत्री के दोस्तों से जानकारी जुटा ई लेकिन उसका कहीं पता नहीं लगा मामले की सूचना पुलिस को दी पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है वही वीरपाल का कहना है कि उसकी पुत्री दसवीं कक्षा की छात्रा है और उन्हें अनिष्ट की चिंता सता रही है।

# निरन्तर स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने का कार्य कर रही सरकार : डॉ. धन सिंह

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



शनिवार को कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के सभागार में डेंगू की रोकथाम एवं बचाव हेतु किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि डेंगू से सम्बंधित सूचना हेतु हेल्पलाइन नंबर 05944-00000 को 24X7 चालू करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निजी ब्लड बैंकों में किये जाने वाले जाँचों की निर्धारित शुल्कों की रेट लिस्ट आम जनता के लिए बाहर चस्पा कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निजी चिकित्सालयों में 5-5 बेड डेंगू के मरीजों के लिए आरक्षित रखा जाएगा। डेंगू के मरीजों का उपचार अब आयुष्मान कार्ड के माध्यम से किया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सभी जनपदों में शीघ्र सिटी स्कैन मशीने स्थापित की जाएगी ताकि गम्भीर मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की कोई समस्या न आये और ऐसे मरीजों को अन्यत्र न जाना पड़े। कहा कि डेंगू के प्रकोप को फैलने से रोकने हेतु पर्याप्त इंतजाम किए जाए।

उन्होंने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जो मरीज डेंगू से संक्रमित हो उन सभी मरीजों को एक-एक मच्छरदानी और ऑलआउट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। आने वाले वर्ष 2030 तक उत्तराखंड में उपचार के अभाव में किसी भी व्यक्ति की मृत्यु न हो इस बात का ध्यान रखते हुए सरकार निरन्तर स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने का कार्य कर रही हैं। सीएमओ डॉ मनोज शर्मा ने डेंगू की रोकथाम हेतु जनपद में किये जाने वाले विभिन्न कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिस पर मंत्री ने सन्तोष व्यक्त किया।

इस दौरान उपाध्यक्ष राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन एवं अनुश्रवण परिषद सुरेश भट्ट, विधायक शिव अरोरा, जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री सुरेश परिहार, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर प्राचार्य केदार सिंह शाही, डॉ.डीपी सिंह, डॉ. एसपी सिंह, डॉ.राजेश आर्या, डैम डीएस भण्डारी, डीडीएम चांद मियां आदि मौजूद रहे।

# दस साल छोटे देवर संग फरार हुई दो बच्चों की मां

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

कहते हैं प्यार अंधा होने के साथ-साथ उम्र व जात-पात भी नहीं देखता। ऐसा ही मामला काठगोदाम थाना क्षेत्र में प्रकाश में आया है जहां भाभी अपने 10 साल छोटे देवर संग फरार हो गई। महिला घर से फरार होने से पहले घर से जेवर, नगदी और अपनी तीन साल की बेटी को भी साथ ले गई। फिलहाल पीड़ित पति पुलिस में पत्नी को ढूंढ खोज की गुहार लगाया है पति के तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि मल्ला चौफुला जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में रहने वाले अजय पाल अपनी पत्नी (28वर्ष) बच्चों के साथ रहता है। सबसे बड़ा बच्चा 9 और छोटी बेटी 3 वर्ष की है। रोजगार की तलाश अजय करीब चार साल पहले उत्तर प्रदेश से हल्द्वानी आया और टेंपो चलाने लगा।

बताया जा रहा है कि अजय पाल डेढ़ महीने पहले अपने फुफरे भाई 18 वर्षीय महेंद्र पाल को काम के लिए हल्द्वानी बुलाया था। अजय ने उसे काम पर लगाया और पड़ोस में ही कमरा किराए पर दे दिया इसी बीच महेंद्र और उसकी पत्नी के बीच नजदीकियां बढ़ गईं।

दोनों की ज्यादा मुलाकातें नहीं होती थीं, लेकिन मोबाइल पर बातें खूब होती थी। पूरे-पूरे दिन फोन पर पत्नी अपने देवर महेंद्र से खूब बातें किया करती थी। बात करते उसके बच्चे देखते थे एक दिन बच्चों ने यह बात अपने पिता को बता दी। घर में झगड़ा हुआ और अजय ने पत्नी का मोबाइल तोड़ डाला लेकिन वह नहीं मानी।

देवर और भाभी होने के बावजूद दोनों के बीच शारीरिक संबंध बन चुके थे। महेंद्र ने अगले ही दिन अपने भाभी को नया मोबाइल लाकर दे दिया 13 अगस्त को जब अजय टेंपो चलाने गया तो अपने देवर महेंद्र के साथ फरार हो गई वह घर से 50 हजार रुपये, एक लाख रुपये के जेवर और 3 साल की बेटी को भी साथ ले गई।

पति का कहना है कि इस मामले को लेकर उसने पत्नी और अपने फुफेरे भाई महेंद्र को भी समझाया लेकिन दोनों नहीं माने और मौका पाते ही भाग गए। पीड़ित पति ने पुलिस में तारीख देते हुए पत्नी की ढूंढ खोज की गुहार लगाई है काठगोदाम थाना प्रभारी विमल मिश्रा का कहना है कि महिला की गुमशुदगी दर्ज की गई है तलाश की जा रही है।

# सुनील डांगी पुनः काठगोदाम रामलीला कमेटी के अध्यक्ष बने

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



श्री रामलीला कमेटी काठगोदाम की बैठक में सुनील डांगी को पुनः लगातार दूसरी बार अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में मोहन बिष्ट, भुवन तिवारी, हिमांशु शाही, सोनू बिष्ट, हिमांशु नैनवाल, जगत सिंह, कुंदन बिष्ट, संजय बिष्ट, कंचन आनेरिया, मनीष गोनी, कमल कुंवर, नीरज बिष्ट, देवेश भट्ट, किशन अनेरिया आदि मौजूद थे। इससे पहले कमेटी अध्यक्ष सुनील ने आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। वर्ष 2024-25 के लिए कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए 37 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा की। इस दौरान तय किया गया कि रामलीला की तालीम 27 अगस्त से प्रारंभ होगी जबकि मंचन तीन अक्टूबर को पहली नवरात्रि से प्रारंभ किया जाएगा।

### शीशमहल में रामलीला की तालीम 22 अगस्त से

**हल्द्वानी।** युवा सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति शीशमहल की वार्षिक बैठक रामलीला भवन शीशमहल में हुई। बैठक में समिति के सदस्यों ने रामलीला मंचन के सफल आयोजन पर विचार-विमर्श किया। समिति के सदस्यों ने कुमाऊं की सबसे पुरानी रामलीला में शुमार शीशमहल रामलीला का मंचन पांच अक्टूबर से कराने का निर्णय लिया गया। रामलीला तालीम 22 अगस्त से प्रारंभ होगी। यहां समिति के अध्यक्ष मनोज तिवारी, महामंत्री एनडी तिवारी, मुख्य व्यवस्थापक गिरीश तिवारी, संरक्षक हरीश पांडे, दिनेश फुलारा, पुष्पा संभल, सुरेश तिवारी, मोहन अधिकारी, विक्रम डंगवाल, मीडिया प्रभारी कमल पपने, नीरज फुलारा, भास्कर बल्यूटिया, प्रेम जोशी, कैलाश तिवारी, जगदीश गौड़, दयानंद तिवारी, नारायण दत्त, योगेश कर्नाटक, भुवन तिवारी, गोपाल तिवारी, प्रमोद तिवारी, मोहन तिवारी, कैलाश नौगाई आदि मौजूद थे।

# रिश्वत लेते उत्तराखंड परिवहन निगम के सहायक महाप्रबंधक रंगे हाथों पकड़ा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

विजिलेंस की टीम ने उत्तराखंड परिवहन निगम काशीपुर डिपो के सहायक महाप्रबन्धक, अनिल कुमार सैनी को 9 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। विजिलेंस हल्द्वानी उपाधीक्षक, सतर्कता अधिष्ठान, सेक्टर हल्द्वानी नैनीताल अनिल सिंह मनराल के पर्यवेक्षण में तथा निरीक्षक हेम चन्द्र पांडे के नेतृत्व में विजिलेंस टीम ने शिकायतकर्ता की शिकायत पर काशीपुर डिपो के सहायक महाप्रबन्धक, अनिल कुमार सैनी को शिकायतकर्ता से 9 हजार रूपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों पकड़ लिया।

शिकायतकर्ता ने सतर्कता अधिष्ठान में शिकायत की थी कि उसकी 3 अनुबन्धित बसों के सुचारू रूप से संचालन के लिये मुझसे 3 हजार रूपये प्रति बस के हिसाब से रिश्वत की मांग की जा रही है। वह रिश्वत नहीं देना चाहता है। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई चाहता है शिकायत पर पुलिस उपाधीक्षक अनिल सिंह मनराल ने शिकायतकर्ता के शिकायती प्रार्थना पत्र की जांच कराने पर तथ्य सही पाये जाने पर नियमानुसार ट्रैप टीम का गठन किया गया। शनिवार को टीम ने शिकायतकर्ता से रिश्वत लेने पर ट्रैप टीम ने सहायक महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड परिवहन निगम काशीपुर निवासी निकट प्राइमेरी स्कूल केशवनगर थाना बाजपुर जनपद को पकड़ लिया और हल्द्वानी ले गई।

टीम द्वारा आरोपी के आवास की तलाशी ली जा रही है। उक्त प्रकरण में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर अनुसंधान किया जाएगी। निदेशक सतर्कता डॉ वी मुरूगेशन ने ट्रैप टीम को नगद पुरूस्कार से पुरूस्कृत करने की घोषणा की है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह रिश्वत मांगने के खिलाफ कार्रवाई के लिए विजिलेंस टीम के टोल फ्री नंबर पर सूचना दें। बता दें कि विजिलेंस टीम की कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

### उपनल कर्मचारियों का भी हो वन टाइम सेटलमेंट

**रुद्रपुर।** उपनल से संविदा में कार्यरत हजारों कर्मचारियों व उनके परिवार के प्रति सरकार का रवैया खेदजनक है। वर्ष 2004 में उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम का गठन हुआ (तब उपसुल) तब से लगभग 19 वर्ष की सेवा कर्मचारियों द्वारा 3500 अल्प मानदेय से 10-12 हजार प्रति माह में जारी है। सैकड़ों कर्मचारी रिटायर हो गए हैं और रिटायरमेंट की कगार में है। 19 वर्षों में आज भी कर्मचारी बढ़ती मंहगाई में 10-12 हजार रुपए में जीवन यापन कर रहा है।

उपनल कर्मचारी संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष पूरन भट्ट ने कहा कि यदि सरकार ने उपनल कर्मचारियों को नियमावली में शामिल नहीं किया तो सड़क से लेकर सदन तक आन्दोलन किया जाएगा।

### पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि परिसर को तत्काल पृथक करने का प्रस्ताव

**रुद्रपुर।** अधिकारी कलेक्ट्रेट डॉ अमृता शर्मा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद किच्छा के सिरौलीकला क्षेत्र एवं गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर को तत्काल प्रभाव से पृथक किये जाने का प्रस्ताव किया गया है। उन्होंने कहा है कि यदि किसी को अधिसूचना से संबंधित कोई सुझाव या आपत्ति हो तो अधिसूचना प्रकाशित होने के तिथि से सात दिन के भीतर लिखित रूप से जिलाधिकारी को प्रेषित किये जा सकेंगें।

# कुमाऊं विवि में टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता



कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के शारीरिक शिक्षा विभाग में शनिवार को टेबल टेनिस (महिला/ पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पन्त तथा विशिष्ट अतिथि निदेशक विजिटिंग डायरेक्टर निदेशालय प्रो. ललित तिवारी ने खिलाडियों को प्रेरणादायी उद्बोधन देकर परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में पाविक शर्मा एमएस सी भौतिक विज्ञान प्रथम सेमेस्टर ने गौरव सिंह बीएससी पंचम सेमेस्टर को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि महिला वर्ग में सुपर्णा दत्ता बीपीईएस पंचम सेमेस्टर ने हर्षिता आर्या एमए प्रथम सेमेस्टर को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार समेत विभागाध्यक्ष संगीत डॉ. गगनदीप होठी, सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अशोक कुमार समेत अनिता बोरा, अपूर्व बिष्ट तथा ललित आदि उपस्थित थे।

# दैनिक वेतन भोगियों को नियमितीकरण को नियमावली बनाने का स्वागत

नैनीताल

हमारे संवाददाता



कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ कूटा ने उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट के निर्णय की 10 वर्ष पूर्ण कर चुके संविदा, अंशकालिक तथा दैनिक वेतन भोगियों को नियमितीकरण करने हेतु नियमावली बनाई जाएगी का स्वागत किया है तथा मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है।

कूटा ने इस मांग को प्रमुखता से रखा था कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय पर कैबिनेट निर्णय किया जाय। कूटा ने कैबिनेट का धन्यवाद भी किया है तथा आशा व्यक्त की है कि शीघ्र नियमावली तैयार होगी तथा नियमितीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। कूटा ने इस संदर्भ में मुख्यमंत्री, विधान सभा अध्यक्ष, शिक्षा मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, सैनिक कल्याण मंत्री तथा शहरी विकास मंत्री से पूर्व में मुलाकात की थी कूटा ने कोलकाता की घटना की निंदा की है तथा दोषियों को फांसी की सजा की मांग की है तथा कानून में आवश्यक संसाधन की मांग की है कि इस तरह की घटनाओं पर कड़ा कानून बने तथा फांसी तय की जय। कूटा ने डॉक्टर के आंदोलन को समर्थन दिया है। कूटा ने मृतक डॉक्टर को श्रद्धांजलि दी है तथा मानवीय समाज की दुखद घटना कहा है कूटा ने डीएसबी के आनंद रावत की माताजी 90 वर्ष के निधन पर शोक व्यक्त किया है तथा उन्हें श्रद्धांजलि दी है। कूटा की तरफ से प्रॉफ ललित तिवारी, प्रॉफ नीलू लोध या ल, डॉक्टर विजय कुमार, डॉक्टर दीपक कुमार, डॉक्टर दीपाक्षी जोशी, डॉक्टर संतोष कुमार, डॉक्टर दीपिका गोस्वामी, डॉक्टर अनिल बिष्ट, डॉक्टर पैनी जोशी, डॉक्टर सीमा चौहान, डॉक्टर दीपिका पंत, डॉक्टर नागेंद्र शर्मा, डॉक्टर युगल जोशी, डॉक्टर रितेश साह शामिल रहे।